एक नजर में

स्वर्ग सेवा सदन आश्रम में हुआ फल वितरण कार्यक्रम

ग्वालियर 18 मार्च. महावीर इंटरनेशनल केंद्र, ग्वालियर एवं श्री घीसूलाल अमरबाई पारख लोकोपकारी परमार्थ न्यास के संयुक्त तत्वावधान में 17 मार्च (मंगलवार) को फल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस सेवा कार्य का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्ग तक पोषण एवं स्वास्थ्य का संदेश पहुँचाना तथा सेवा भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन प्रात: 9:30 बजे स्वर्ग सेवा सदन आश्रम, रेडिएंट स्कूल के पास, गुड़ा गुड़ी का नाका, लश्कर, ग्वालियर में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, समाजसेवियों एवं संस्था के सदस्यों की उपस्थिति देखने को मिली। महावीर इंटरनेशनल (एपेक्स) के ट्रस्टी पारसमल पारख के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी ने अपने व्यस्त समय में से समय निकालकर इस सेवा कार्य को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आयोजन के दौरान अनुशासन, समर्पण और सेवा भावना का उत्कृष्ट समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल (एपेक्स) के ट्रस्टी पारसमल पारख, अध्यक्ष वीर राकेश शिवहरे, सचिव वीर अमित शिवहरे, उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, अमित पारख, सुदर्शन जैन, पंकज कोठारी सहित संस्था के अन्य सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगगुरु एच.आर. नागेन्द्र ग्वालियर आए

ग्वालियर। योग दिवस के प्रणेता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग गुरु, पद्मश्री, स्वयश विश्वविद्यालय बेंगलूरु के कुलाधिपति एच.आर. नागेन्द्र आज ग्वालियर आए। ग्वालियर योग टीम के आदेश गुप्ता के नेतृत्व में उनके आगमन पर ग्वालियर एयरपोर्ट पर भव्य अगवानी की गई।

शोक संतप्त परिवार के बीच पहुंचे जौहरे

ग्वालियर। ग्वालियर ग्रामीण जिला कांग्रेस के अध्यक्ष प्रभूदयाल जौहरे ने आज डबरा विधान सभा क्षेत्र में पहुंच कर आदित्य जैन रोकी के पिताश्री के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिवार को संबल देते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

गोबर खुले में फेंकने पर वसूला जुर्माना

ग्वालियर 18 मार्च। आज स्वास्थ्य अधिकारी अजय सिंह ठाकुर के निर्देशन वार्ड 7, 8 एवं 15 में भैंस डेयरी संचालकों द्वारा गोबर खुले में फेंकने पर 16100 रूपये का जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 13 तानसेन नगर में रोड पर गंदगी करने पर 1000 रु जुर्माना किया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी सूरज यादव, शरण कुमार, जेडएचओ राजेश भारती, रवि करोसिया, डब्ल्यूएचओ राजा दोहरे, गब्बर खरे, जीवन यादव आदि उपस्थित रहे। इसके साथ ही स्वास्थ्य अधिकारी किशोर चौहान के निर्देशन में वार्ड 49 नेचुरल आइस क्रीम गुलाटी की क्रीम फैक्ट्री समाधिया कॉलोनी तारागंज पर गंदगी पाए जाने पर किया 10000 रूपये, वार्ड क्रमांक 44 जिंसी नाला में दुकानदारों एवं ठेले वालों द्वारा गंदगी फैलाने पर 3300 रूपये, वार्ड 39 में गंदगी एवं मीट मांस पर 750 रूपये, वार्ड क्रमांक 48 में गंदगी फैलाने पर 500 रूपये का जुर्माना किया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र परमार, जोगेंद्र यादव, रामचरण धौलपुरिया, वार्ड हेल्थ ऑफिसर राम सिंह चौहान, राहुल दीपक खरे आदि उपस्थित रहे।

भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों के समग्र पुनर्वास में एनजीओ का लिया जायेगा सहयोग

ग्वालियर 18 मार्च। भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों के व्यापक पुनर्वास में सरकार की स्माइल उप-योजना के तहत गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) की मदद ली जायेगी। इस सिलसिले में संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय द्वारा 7 दिवस के भीतर गैर सरकारी संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र जयारोग्य अस्पताल परिसर में स्थित जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र भवन के प्रथम तल पर संचालित संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय के कार्यालय में कार्यालयीन समय में जमा किए जा सकेंगे। आवेदन पत्र के प्रारूप विभाग के कार्यालय और वेबसाइट http://gwalior.nic.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं संयुक्त कलेक्टर विनोद सिंह ने बताया कि भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों को चयनित संगठनों के माध्यम से आश्रय गृहों, कौशल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सहायता प्रदान कर उनके समग्र कल्याण के प्रयास किए जायेंगे।

आईटीएम में 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' सप्ताह का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 मार्च. आईटीएम ग्वालियर में बेसिक साइंस एंड ह्यूमैनिटीज विभाग एवं इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) द्वारा और मप्र

छत तक पहुंचने का लक्ष्य मत रखिए, आकाश को लक्ष्य बनाइए: प्रो. साधना मिश्रा

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के सहयोग से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस सप्ताह का आयोजन किया गया। इसकी थीम 'विज्ञान में महिलाएं-सहभागिता से नेतृत्व तक की यात्रा के माध्यम से विकसित भारत का उत्प्रेरण' रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर जेएस यादव (विजिटिंग फैकल्टी आईआईटी

कानपुर), वैज्ञानिक-एफ डॉ. नीति जैन (डीआरडीई ग्वालियर) और प्राचार्य प्रोफेसर साधना मिश्रा (शासकीय केआरजी कॉलेज ग्वालियर) शामिल हुईं। इस अवसर पर आईटीएम ग्वालियर की निदेशक डॉ. मीनाक्षी मजूमदार, कार्यक्रम समन्वयक एवं डीन अकादमिक डॉ. एसएस चौहान, डॉ. मनोज मिश्रा, डॉ. ऋषि सोनी, डॉ. दीपेश भारद्वाज, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. एसके शर्मा, डॉ. मनोज शर्मा, डॉ. प्रशांत शर्मा, डॉ. अंकित गुप्ता, डॉ. प्रीति सिंह, अमित जैन, अमित तिवारी, नरेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. मेघा लहाने, नेहा शर्मा, राधा तिवारी, डॉ. शाहिद अमीन सहित विभिन्न प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एआईएमएल शाखा की छात्रा अनुश्री और बीटेक तृतीय वर्ष की छात्रा कुमुद शर्मा द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं शासकीय केआरजी कॉलेज ग्वालियर की प्राचार्य प्रो. साधना मिश्रा ने कहा कि सीमित संसाधनों में भी असाधारण खोज संभव है, यदि जिज्ञासा और आत्मविश्वास हो। मुख्य अतिथि प्रोफेसर जेएस यादव (विजिटिंग फैकल्टी आईआईटी कानपुर) ने कहा कि भारत आज अंतरिक्ष विज्ञान, रक्षा अनुसंधान और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में विश्व मंच पर सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

द्वितीय मुख्य अतिथि वैज्ञानिक-एफ डॉ. नीति जैन (डीआरडीई ग्वालियर) ने कहा कि रक्षा अनुसंधान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका निरंतर सशक्त हो रही है। आईटीएम ग्वालियर की निदेशक डॉ. मीनाक्षी मजूमदार ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि वैज्ञानिक चेतना को जागृत करने का पर्व है।

गिट्टी के अवैध परिवहन में लिप्त चार वाहन जब्त

ग्वालियर 18 मार्च। बीती दो रातों के दौरान गिट्टी के अवैध परिवहन में लिप्त चार वाहन जब्त किए गए हैं। इनमें से दो वाहन बिजौली थाना के समीप व दो वाहन महाराजपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जब्त किए गए हैं। इन वाहनों को जब्त कर संबंधित पुलिस थाना की अभिरक्षा में भेजा गया है। साथ ही खनिज अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अर्थदण्ड सहित अन्य कानूनी कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी जिला खनिज अधिकारी घनश्याम सिंह यादव ने बताया कि गत 16 मार्च की रात बिजौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गिट्टी के अवैध परिवहन में लिप्त 14 चक्का का एक ट्रोला व 10 चक्का का डम्फर जब्त किया गया है। इसी तरह 17 मार्च की रात में लगाए गए चैकिंग प्वॉइंट के दौरान महाराजपुरा थाना क्षेत्र से 22 चक्का के दो ट्रोला गिट्टी का अवैध उत्खनन करते हुए पकड़े गए हैं।

एमिटी विवि में 'एजेंटिक एआई' पर वर्कशॉप का आयोजन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 मार्च. एमिटी विश्वविद्यालय में आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस (एआई) पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को एआई प्रणाली में हो रहे नवीनतम विकास से अवगत कराना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। यह कार्यक्रम प्रो चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी. के. शर्मा तथा कुलगुरु प्रो. डॉ. आर. एस. तोमर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यशाला के विशेषज्ञ सत्र अतिथि नमन मरकन द्वारा संचालित किए गए, जिन्होंने एजेंटिक एआई की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार स्वायत्त एआई एजेंट स्वयं योजना बनाकर, तर्क करके और

विभिन्न कार्यों को निष्पादित कर सकते हैं। अतिथि वक्ता डॉ. श्रेया चट्टोपाध्याय, संस्थापक, बिज़इनोवेशन सिस्टम्स ने विद्यार्थियों को शिक्षा से लेकर कॉरपोरेट क्षेत्र तक विभिन्न क्षेत्रों में एआई टूल्स के उपयोग के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में संवादात्मक चर्चाएँ भी शामिल थीं, जिनसे प्रतिभागियों को एआई एजेंट्स के वास्तविक जीवन में उपयोग को समझने का अवसर मिला।

समापन सत्र प्रो. विकास थाडा द्वारा संचालित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने ओपनएआई और जेमिनी प्लेटफॉर्म का उपयोग करके एआई एजेंट बनाने का व्यावहारिक अभ्यास किया। कार्यक्रम का समापन डॉ. झंकार मूलचंदानी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

ग्वालियर के सैंड स्टोन को मिले अंतर्राष्ट्रीय बाजार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 मार्च. ग्वालियर के सैंडस्टोन को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए सांसद भारत सिंह कुशवाह ने संसद में अपनी आवाज बुलंद की है।

बलुआ पत्थर के विकास और उसके वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने लिए कुशवाह ने वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद को मंत्री को अवगत कराया कि एक जिला एक उत्पाद बलुआ पत्थर टाइल्स उत्पाद एवं पारंपरिक नक्काशी पर निर्भर है,लेकिन आधुनिक

सांसद भारत सिंह ने संसद में प्रभावी ब्रांडिंग और मार्केटिंग की उठाई मांग

तकनीक की कमी के कारण इस उत्पाद की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ब्रांडिंग और मार्केटिंग नहीं हो पा रही है। स्थानीय कारीगरों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने और ग्वालियर के प्रसिद्ध बलुआ पत्थर के शिल्प को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए और अधिक प्रयास किए जाने की जरूरत है।

कुशवाह ने मांग की कि सरकार इन कमियों को दूर करने के लिए आधुनिक मशीनरी, उन्नत तकनीक और वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए सरकार योजना बनाकर काम करे। एक जिला एक उत्पाद का उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले के सर्वांगीण विकास के लिए एक विशिष्ट उत्पाद का चयन करना और उसकी ब्रांडिंग करना है।

यह पहल उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा चलाई जा रही है। इससे स्थानीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाना और छोटे उद्योगों को तकनीकी व विपणन सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धा कर सकें।

उन्होंने राज्य सरकार का हवाला देकर बताया कि ग्वालियर में स्थित एक विशेष औद्योगिक पार्क में पत्थर प्रसंस्करण के लिए सीएनसी न्यूमेरिकल मशीनों जैसी आधुनिक मशीनरी का उपयोग किया जाता है। ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) सेल स्थानीय इकाइयों के लिए निर्यात प्रोत्साहन, ब्रांडिंग और तकनीकी मार्गदर्शन की सुविधा प्रदान करता है। वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे, माल ढुलाई और प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए सब्सिडी प्रदान करती हैं।

मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) द्वारा पत्थर प्रसंस्करण के लिए एक समर्पित औद्योगिक पार्क विकसित किया गया है, जहां कार्यरत इकाइयां आधुनिक पॉलिशिंग मशीन, वायर कैलिब्रेशन मशीन, सीएनसी न्यूमेरिकल मशीन और उन्नत तकनीक और अन्य आधुनिक उपकरणों जैसी आधुनिक मशीनरी का उपयोग करती हैं।

ग्वालियर रेलवे स्टेशन के नामकरण पर रार, अटल या माधवराव?

संजीव कुमार शर्मा

ग्वालियर 18 मार्च. ग्वालियर रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के साथ ही अब इसके नामकरण को लेकर सियासत के गलियारों में उबाल आ गया है। हाल ही में क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाहा द्वारा संसद में स्टेशन का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखने की मांग ने एक नए विवाद को जन्म दे दिया है। ग्वालियर के प्रबुद्ध वर्ग, समाजसेवियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सांसद की इस मांग का कड़ा विरोध करते हुए इसे 'जनभावनाओं के साथ खिलवाड़' करार दिया है।

शहर के लोगों का तर्क है कि ग्वालियर के विकास और भारतीय रेल को आधुनिक बनाने में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया का योगदान अतुलनीय है। ऐसे में स्टेशन का नाम उनके नाम पर होना ही सबसे उपयुक्त सम्मान होगा। हालांकि कुछ लोगों ने अटल बिहारी वाजपेई के नाम पर भी अपना समर्थन व्यक्त किया है और संसद के प्रस्ताव की सराहना की है वहीं कुछ लोगों ने राजा मानसिंह तोमर का भी नाम लिया है। ग्वालियर में यह बहस अब केवल नामकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि राजनीति का भी अखाड़ा बनती जा रही है। अब देखना यह है कि क्या सरकार जनभावनाओं का सम्मान करते हुए 'विकास पुरुष कहे जाने वाले माधवराव सिंधिया के नाम पर विचार करती है या फिर सांसद की मांग पर मुहर लगाती है।

शहर के लोगों का यह है कहना...

अटल जी ग्वालियर के नहीं पूरे देश के नेता थे, देश के प्रधानमंत्री, भारत रत्न, सांसद भारत सिंह कुशवाहा ने जो प्रस्ताव रखा है वह सराहनीय है। ग्वालियर स्टेशन का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर ही होना चाहिए।

अरविंद ममता शर्मा पार्षदपति

सांसद ने संसद में ग्वालियर की जनता के नाम पर गलत बयानबाजी की है। स्टेशन का नाम माधवराव सिंधिया के नाम पर होना चाहिए क्योंकि रेल मंत्रालय के दौरान उन्होंने ग्वालियर को देश के रेल मानचित्र पर शीर्ष पर पहुंचाया था। अटल जी हमारे गौरव हैं, लेकिन उनके नाम पर शहर में पहले से ही पर्याप्त स्मारक हैं।

ओम प्रकाश पाठक,(सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी)

भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण में माधवराव सिंधिया का योगदान कोई नहीं भूल सकता। ग्वालियर स्टेशन को नई पहचान उन्होंने दी थी। सांसद को मांग रखने से पहले स्थानीय लोगों और इतिहास के जानकारों से चर्चा करनी चाहिए थी।

सुनील शर्मा,समाजसेवी

अटल बिहारी वाजपेई देश के प्रधानमंत्री थे और ग्वालियर में उनका जन्म हुआ था,माधव राव सिंधिया ने ग्वालियर के लिए खासकर रेल मंत्री रहते हुए बहुत कुछ किया इसलिए स्टेशन की पहचान से दोनों में से किसी का भी नाम जुड़ना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

विनोद तिवारी, समाजसेवी

इस मुद्दे पर एक सार्वजनिक रायशुमारी होनी चाहिए। अटल जी ग्वालियर के लाड़ले बेटे हैं, लेकिन माधवराव सिंधिया ग्वालियर के आधुनिक निर्माता हैं। दोनों में से कोई भी नाम पर ग्वालियर रेलवे स्टेशन का नाम हो अच्छा है।

अशोक पटसारिया वरिष्ठ भाजपा नेता

सांसद बताएं कि उन्होंने जनता से कब पूछकर यह प्रस्ताव रखा? यह केवल राजनीतिक श्रेय लेने की कोशिश है, जनभावना कुछ और ही है। नाम बदलने की राजनीति से ज्यादा जरूरी है ग्वालियर के विकास के लिए काम करना। अगर नाम बदलना ही है तो उस व्यक्ति का नाम होना चाहिए जिसने इस विभाग के लिए अपना जीवन दिया हो, स्व. माधव राव सिंधिया का नाम स्टेशन के लिए सबसे उपयुक्त है।

निधि शर्मा, समाजसेवी

महाराजा मानसिंह तोमर के नाम की भी मांग

रेलवे स्टेशन के नामकरण को लेकर चल रही सियासत के बीच एक नई मांग समाजसेवी सुरेंद्र सिंह तोमर और समाजसेवी अरुणेश सिंह भदौरिया ने महाराजा मानसिंह तोमर के नाम पर रखने की भी अपील की है।?दोनों की मांग का समर्थन समाजसेवी रामबाबू कटारे ने किया है। दोनों ने तर्क दिया कि महाराजा मानसिंह तोमर ग्वालियर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान के असली प्रतीक हैं। उन्होंने कहा, ध्रुपद गायन शैली और तानसेन-बैजू बावरा जैसे दिग्गजों को संरक्षण देने का श्रेय महाराजा मानसिंह को ही जाता है।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अजय कुमार पुत्र श्री हरदयाल यह कि मेरे सभी शैक्षणिक दस्तावेजो में मेरा नाम अजय कुमार एवं पिता जी का नाम हरदयाल अंकित है। दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है। जवकि मेरे जाति प्रमाण पत्र एव मूलनिवासी प्रमाण पत्र मे मेरा नाम अजय कुमार आर्य है साशकीय एव अर्धसाशकीय दस्तावेजो में मेरा नाम अजय कुमार मान्य किया जावे। अत: अब मुझे भविष्य में **अजय कुमार** के नाम से ही जाना एवं पहचाना जावे।

पुराना नाम : अजय कुमार आर्य
नया नाम: अजय कुमार पुत्र श्री हरदयाल
निवासी- ब्रजमोहन तेल मिल के पीछे चार शहर का नाका हजीरा ग्वालियर

Name change

I **ANSHIKA AGRAWAL** W/O **HARSHIT GOYAL.** HAVE CHANGED MY NAME AS ANSHIKA GOYAL. NOW I WILL KNOWN BY MY NEW NAME AS **ANSHIKA GOYAL.**

ADD.- B- 401, HANDRAMANI APARTMENT JATAR SAHAB KI GALI LAXMIGANJ ROAD LASHKAR GWALIOR (M.P.)- 474001

नाम परिवर्तन सूचना

मैं, अमरदीप सिंह रंधावा, पुत्र सलविंदर सिंह रंधावा, निवासी ग्राम शेखपुर, पोस्ट : घरसौंदी, जिला : ग्वालियर (म.प्र.), यह घोषित करता हूँ कि मेरी 10वीं अंकसूची में मेरे पिता का नाम सलविंदर सिंह (Salvindar Singh) अंकित है, जबकि उनका पूर्ण और सही नाम सलविंदर सिंह रंधावा (Salvindar Singh Randhawa) है। ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानी मेरे पिता के हैं। यह घोषणा शपथ पत्र दिनांक 02.12.2025 जो कि नोटरी, भितरवार, ग्वालियर के समक्ष निष्पादित है, के माध्यम से की गई है।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं **पूजा आदिल मोहम्मद (POOJA ADIL MOHAMMAD)** सर्व साधारण को सूचित करती हूँ कि शादी के पहले मेरा नाम **पूजा जायसवाल (POOJA JAISWAL)** था। लेकिन शादी के बाद मेरा नाम **पूजा आदिल मोहम्मद (POOJA ADIL MOHAMMAD)** हो गया है। अत: उपरोक्त वर्णित दोनों नाम एक ही महिला के होकर मेरे ही हैं। अत: अब मुझे अपने सभी दस्तावेजों में अपना नाम **पूजा आदिल मोहम्मद (POOJA ADIL MOHAMMAD)** दर्ज कराना है। इस हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है। भविष्य में मुझे मेरे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

सूचनाकर्ता
पूजा आदिल मोहम्मद
पत्नी श्री आदिल मोहम्मद
निवासी - नियर SBI ATM, नियर A to Z सर्विस स्टेशन, जवाहर कॉलोनी, कम्पू, लश्कर, ग्वालियर, म.प्र. -474001

CHANGE OF ADDRESS

Jitendra Singh S/o **Chhote Singh** old add. - Village- Khadiya, Post Office- Sathon Tehsil- Porsa P.S. Nagra District- Morena, M.P. Pin No.- 476115 new address House no. 110 Greenwood Public School ke peeche, Krishna puram, Aditya Puram, Gwalior Pin No. - 474020

आम सूचना

आम व खास को सूचित किया जाता है कि, एक आवासीय भू-खण्ड क्रमांक 162 जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफीट है जो सर्वे क्रमांक 1076 राजस्व ग्राम महाराजपुर का भाग होकर वार्ड क्रमांक 45, चम्बल वार्ड, मुरैना, तहसील एवं जिला मुरैना, म.प्र. में स्थित है जिसकी चतुर्सीमा निम्न है: पूर्व में-आम रास्ता, पश्चिम में-अन्य की बाउण्ड्री, उत्तर में-अन्य का प्लॉट, दक्षिण में-अभय प्रताप सिंह का प्लॉट स्थित है जिसे आवेदक श्री देव प्रताप सिंह परमार पुत्र श्री युवराज सिंह परमार निवासी 40, मेउला, मेउली, आगरा, उ.प्र. ने सम्पत्ति स्वामी श्रीमती शीला आशोकान्त पत्नी श्री बी.एल. आशोकान्त निवासी प्रकाश कॉन्वेन्ट स्कूल वाली गली, न्यू गांधी कॉलोनी, गोपालपुरा, मुरैना, तहसील एवं जिला मुरैना, म.प्र. से जरिये पंजीकृत विक्रयपत्र ई-पंजीयन क्रमांक MP271GR17912025A100330997 से दिनांक 19/05/2025 को क्रय कर मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई एचएफसी, सिटी सेन्टर ग्वालियर (म.प्र.) के यहां ऋण के विरूद्ध बंधक करने हेतु सहमत होकर आवेदन किया है। यह कि, विक्रेता एवं पूर्व विक्रेता उक्त सर्वे क्रमांक की सम्पति को अन्य सह-स्वामियों के साथ संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्यधारी के रूप में धारण करते थे तथा विक्रेता द्वारा अपनी कयसुदा सम्पति से उक्त भू-खण्ड का विकय-पत्र आवेदक के पक्ष में निष्पादित किया गया। यह कि, यदि किसी सहस्वामी, व्यक्ति / व्यक्तियों को उक्त संपति या उसके किसी भाग के संबंध में किसी प्रकार की कोई या कैसी भी आपत्ति किसी भी माध्यम अर्थात बिक्रय, विनमय, बंधक (साम्यिक / रजिस्टर्ड बंधक या अन्यथा बंधक) न्यास, उत्तराधिकार, पारिवारिक व्यवस्थापन, भरणपोषण, विल द्वारा हस्तांतरण, भागीदारी, आधिपत्य, पट्टा, उप पट्टा, किरायेदारी, लायसेंस, भार, गिरवी, सुखाधिकारी या अन्य किसी प्रकार का अधिकार होने का दावा या आपत्ति करता हो तो वह मेरे नीचे लिखे नाम व पते पर मय दस्तावेजी प्रमाण के लिखित रुप में नोटिस प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरांत् उक्त संपति मेरे पक्षकार के यहां बंधक कर ली जावेगी। उसके उपरांत् कोई भी आपति कतई स्वीकार योग्य न होकर निर्थक अर्थहीन, त्याग दी गई समझी जाकर शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर कतई बंधनकारी नहीं होगी तद्नुसार सूचित हो।

दिनांक: 18/03/2026
पुष्पेन्द्र कुमार अग्रवाल (एडवोकेट)
कार्यालय 44, कैलाश विहार, सिटी सेंटर, ग्वालियर, जिला ग्वालियर (म.प्र.),
कार्या. समय प्रात: 11.00 से सांय 05.00 तक

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री रतन कुमार पुत्र श्री मनमोहन ने उक्त अचल प्लॉट क्र. 07 स्थित ग्राम बड़ागाँव मुरार जिला ग्वालियर में है। जो कि मेरे क्र. 802 का भाग कुल क्षेत्रफल 881 वर्गफुट है जिसका म्यु. वार्ड क्र. 61 है, जो मेरे पक्षकार ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरे पक्षकार के विक्रेता श्री शैलेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र स्व. श्री विशन सिंह एवं श्रीमती असर्फी पत्नी श्री स्व. विशन सिंह एवं श्री ज्ञानेन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री विशन सिंह एवं मनीषा पुत्री स्व. श्री विशन सिंह के परिवारिक सदस्य की काश्त की कृषि भूमि खसरे में संयुक्त भूमि राजस्व अभिलेख में भू-स्वामी की हैसियत से दर्ज होकर चली आ रही है। मेरे पक्षकार के द्वारा किये गये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है:-पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में-सम्पति दीगर, उत्तर में - प्लॉट क्र.06 दक्षिण में-प्लॉट क्र. 08 जिसका कुल क्षेत्रफल 881 वर्गफुट है। लेकिन मेरे पक्षकार श्री रतन कुमार पुत्र श्री मनमोहन के विक्रेता श्री शैलेन्द्र सिंह राजपूत स्व. श्री विशन सिंह के द्वारा उक्त अचल प्लॉट क्र. 07 को विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को या विक्रेता के परिवारिक सदस्य सहभूस्वामी श्रीमती असर्फी पत्नी श्री स्व. विशन सिंह एवं श्री ज्ञानेन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री विशन सिंह एवं मनीषा पुत्री स्व. श्री विशन सिंह को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 15 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरा पक्षकार श्री रतन कुमार पुत्र श्री मनमोहन ने उक्त अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 07 का कुल क्षेत्रफल 881 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा जाना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड लश्कर ग्वालियर से आवंटित कर रहा है, जो सुचित हो।

दिनांक- 18.03.2026
ग्वालियर- स्थान

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती सुनीता पत्नी श्री संजय ने उक्त अचल सम्पत्ति मकान स्थित ग्राम मुगलपुरा जिला ग्वालियर में है। जो कि सर्वे क्र. 292 व 293 का भाग 1000 वर्गफुट है। जिसका पटवारी हल्का नं. 36 है, जो मेरी पक्षकारा की क्रयशुदा सम्पति ई रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्र. एम पी 21 आई.जी.आर. 17412025ए 101214310 तारीखी 31.12.2015 में संजय कुमार पुत्र श्री माथूराम से क्रय किया। मेरी पक्षकारा के द्वारा क्रयशुदा सम्पति की चतुरसीमा निम्नानुसार है:- पूर्व में-रोड, पश्चिम में-दीगर सम्पति, उत्तर में - सम्पति अजीत सिंह, दक्षिण में- मकान मेहताब सिंह जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है। मेरी पक्षकारा श्रीमती सुनीता पत्नी श्री संजय की क्रयशुदा सम्पति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विक्रेता संजय कुमार पुत्र श्री माथूराम के द्वारा विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को कोई या विक्रेता के परिवारिक सदस्य श्रीमती कुन्थी पत्नि स्व. माथू एंव प्रदीप, राकेश, दशरथ, मेहताब पुत्रगण श्री माथू व हरप्यारी, मीरा पुत्रीगण श्री माथू के किसी भी सदस्य को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा अचल सम्पत्ति मकान जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट को बंधक रखकर हाउसिंग लोन की सुविधा जैना स्मॉल फायनेंस बैक लिमिटेड ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सुचित हो।

दिनांक- 18.03.2026
ग्वालियर- स्थान

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

कार्यालय विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (माधवराव काउण्टर मैग्नेट)
शीतला सहाय प्रशासनिक भवन, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, सौजना - तिघरा, ग्वालियर (म.प्र.)
क्रमांक /विक्षेविप्रा/संपदा /2026 /148
ग्वालियर दिनांक-12/03/2026

// मृत्यु नामांतरण सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि साडा की आवासीय योजना में भूखण्ड सेक्टर-सी, ब्लॉक-05, भूखण्ड क्रमांक 97 का आवंटन श्री रामकिशोर शर्मा पुत्र स्व. श्री भगवानदीन शर्मा को किया गया था. उनकी मृत्यु पर कार्यालयीन आदेश क्रमांक 315 दिनांक 21/03/2012 द्वारा उनकी पत्नी श्रीमती उर्मिला शर्मा पत्नी स्व. श्री राम किशोर शर्मा, निवासी 27/68 खिण्डकीया मोहल्ला, जिला भिण्ड, म.प्र. के नाम से किया गया था। श्री प्रेम नारायण शर्मा पुत्र स्व. श्री भगवानदीन शर्मा, निवास-खिण्डकीया मोहल्ला, भिण्ड, म.प्र. के आवेदन के अनुसार श्रीमती उर्मिला शर्मा का स्वर्ग